Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :171
जून 2016

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष

- जून 2016 में 27 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान जून माह में : अधिकतम 45.0° सेल्सियस, न्यूनतम 26.0° सेल्सियस रहा।
- मई माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग(मई एवं जून माह)–

- **कोरपस फण्ड** – डॉ. एन.एल. गुप्ता 5000/–रु.
- **विशेष सहयोग** – श्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया 1000/–रु.
- **वार्षिक सहयोग** – डॉ. पी.एम. अग्रवाल, श्री के.एल. बापना, श्री एम.एस. खमेसरा, डॉ. एन.के. पुरोहित (प्रत्येक से 1000/–रु. )
- **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह :** माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन, राज्स्थान चेप्टर, उदयपुर एवं दी इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियस(इंडिया) लोकल सेन्टर(दोनों से पांच–पांच हजार रू.)
- **मेडिकल केम्प** – रोटरी इनरव्हील क्लब 4000/–रु.
- **आजीवन सदस्यता** – श्री बसन्तीलाल खमेसरा 11,000–रु.
- **उदयपुर स्मार्ट सिटी विजन डाक्यूमेंट 2025–** महावीर इंटरनेशनल चेरीटेबल ट्रस्ट 11,000/–; रोटरी सर्विस ट्रस्ट, उदयपुर 15,000/–, डॉ. एल.एल. धाकड़, श्री मुनीश गोयल एवं डॉ. आई. एल. जैन (प्रत्येक से 5000/–रू.)
- **डॉ.डी.एस.कोठारी जन्म दिवस समारोह एवं संगोष्ठी–** 1. श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मंदिर ट्रस्ट 7000/–रू. 2. श्री जीवनसिंह दलाल 2000/–रू. 3. श्री महावीर पुण्यार्थ ट्रस्ट 5000/–रू. 4. आचार्य श्री नानेश समता विकास ट्रस्ट 5000/–रू.। सभी को आभार।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान :** जून अंक में **रक्त कैंसर, जाने स्वलीनता के बारे में, महत्त्वपूर्ण जानकारियां** आदि का समावेश।

## महिला सशक्तीकरण

- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 जून को आयोजित हुई जिसमें 60 सदस्याओं ने भाग लिया। **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** ने मंगलाचरण किया। ''प्रभात स्पा'' की **श्रीमती आशा** ने फेशियल, मेनिक्योर करना सिखाया एवं सेल्फ मेकअप का लाईव डेमोन्स्ट्रेशन दिया। नवाचार सदस्या **श्रीमती रेनु सिरोया ''कुमुदिनी''** को ''डॉ. महाराज कृष्ण जैन स्मृति सम्मान – 2016'' प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। अन्त में **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने प्रशिक्षिका एवं सभी सदस्याओं को धन्यवाद दिया।

**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 20 जून को आयोजित हुई जिसमें 52 सदस्याओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम




प्रकोष्ठ की संयोजिका **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने सभी का स्वागत करते हुए होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सहसंयोजिका **श्रीमती अरुणा जावरिया** ने हाउजी खिलाई। विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने ''परोपकार, आत्मशांति एवं मानसिक प्रसन्नता का श्रेष्ठ मार्ग है'' पर वार्ता दी। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने **डॉ. धाकड़** का संक्षिप्त परिचय देते हुए विषय का परिचय कराया एवं वार्ताकार को धन्यवाद दिया।

**डॉ. धाकड़** ने कहा कि दुनिया में चारों तरफ परोपकार के दृश्य देखने को मिलते हैं। ईश्वर ने मनुष्य के शरीर को परोपकार के लिये बनाया है। परोपकार देह सम्बन्धी एवं आत्मकल्याण के हो सकते हैं। देह सम्बन्धी परोपकार से मन को शान्ति मिलती है। लेकिन आध्यात्मिक परोपकार से आत्मा की शुद्धि एवं पाप कर्मों से मुक्ति मिलती है। सम्भ्रान्त महिलाओं व पुरुषों को अपने धन व समय से उपकार मार्ग को बढ़ाना चाहिए।

वार्ता के पश्चात् 21 जून 2016 को **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** के उपलक्ष्य में योग का कार्यक्रम रखा गया।

- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** वार्षिक समारोह के प्रथम चरण में 10:30 बजे से ग्रामीण महिलाओं को **श्री अशोक जैन** पूर्णकालिक योग शिक्षक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार व **श्रीमती प्रेम जैन** ने योग का महत्व बताया व दो–दो आसन करवाये। **श्रीमती पुष्पा कोठारी व श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने महिलाओं को खेल खिलाये व तत्काल पुरस्कार भी दिये। महिलाओं के द्वारा बनायी गयी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें **रजनी** को प्रथम तथा **किरन पुरोहित** को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

समारोह के द्वितीय चरण की मुख्य अतिथि **डॉ. ललिता व्यास**

**पूर्व प्राचार्य,** मीरा कन्या महाविद्यालय व विशिष्ट अतिथि **डॉ. विभा भटनागर** थी। अध्यक्षता **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने की । दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना के बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान हुआ। **डॉ. सुशीला अग्रवाल** ने स्वागत वक्तव्य दिया। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने महाराणा प्रताप के कर्तृत्व व जीवनी पर प्रकाश डाला। चेतना शिविर प्रभारी **डॉ. शैल गुप्ता** ने शिविर के वर्ष भर के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि **डॉ. ललिता व्यास** का प्रेरणात्मक प्रवचन हुआ। **श्री प्रकाश तातेड़** ने प्रश्नोत्तर कार्यक्रम कराया जिसमें सही उत्तर देने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिये गये।

81 वर्ष पूर्ण होने पर जन्मदिन के अवसर पर मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित लोगों ने **डॉ. के.एल. कोठारी** का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर **डॉ. एल.एल.धाकड़, हंसा व जानी जोशी** ने अपने विचार रखे। **डॉ. कोठारी** ने भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी व एक स्वरचित कविता पढ़ी। इस अवसर पर उनके पुत्र **श्री पवन कोठारी** भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अपने पिता से समाज सेवा की सर्वश्रेष्ठ विरासत मिली है और मैं इसको निरन्तर बनाये रखूँगा। **डॉ. कोठारी** ने इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को नींबू के पौधे उपलब्ध कराये। **डॉ. शैल गुप्ता** ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने किया। लहर वितरण, महिलाओं को यात्रा भत्ता व भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 79 सदस्याओं की उपस्थिति रही।

● ग्रामीण महिला चेतना शिविर की वरिष्ठ सदस्या **श्रीमती कमला जोशी** के पुत्र **श्री सूरज** को सीनियर सैकण्डरी के बाद अध्ययन के लिए विज्ञान समिति ने मार्गदर्शन किया और आंशिक आर्थिक सहयोग भी किया। यह प्रसन्नता की बात है कि **श्री सूरज** ने बी.कॉम की परीक्षा में अपने महाविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसके आगे पढ़ाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जून माह में 9 शिविर हुए जिसमें 119 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● ***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में छतीसवां शिविर दिनांक 19 जून 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, **डॉ. एल.के. भटनागर** वरिष्ठ फिजिशियन, **डॉ. अनुराग तलेसरा** अस्थिरोग विशेषज्ञ, दर्शन डेंटल कॉलेज के दंत रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानुप्रकाश भारती** ईएनटी विशेषज्ञ, **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच, **श्री बी.एल. पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 82 नागरिकों का ( 24 सामान्य, 8 हृदय, 7 अस्थि रोग, 1 ईएनटी, 25 मधुमेह, 6 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 11 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी से चिकित्सा पराम िदिया गया। आगामी सैंतीसवां शिविर 17 जुलाई 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा ।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

**इंजीनियर ललित बक्षी व्याख्यानमाला के अंतर्गत सप्तम वार्ता :**
**''सर्वाइकल स्पाइन की समस्या एवं निदान''**

**डॉ. पल्लव भटनागर** प्रसिद्ध युवा चिकित्सक तथा प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, गीतांजली कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ फिजियोथेरेपी, उदयपुर की विज्ञान समिति में आयोजित वार्ता में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साह से भाग लिया एवं वार्ताकार से अपनी समस्याओं पर प्रश्न कर समाधान पाया।

**प्रबुद्ध वक्ता ने बताया कि कुर्सी पर बैठते समय निम्नांकित सावधानियां बरतनी चाहिए :-**

1. कुसी में बैठते वक्त पूरा बैठा जाए जिससे जंघाए कम से कम कुर्सी से बाहर रहे।
2. कमर व पीठ कुर्सी में बैठते समय सीधी रहे।
3. पूरे पांव जमीन पर टिके।

वार्ता की समाप्ति पर उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि से विद्वान वक्ता का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में **इंजीनियर ललित बक्षी** को उनकी सातवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित की जिसमें विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी,** महावीर इंटरनेशनल से **इंजी. श्री बी.एल. खमेसरा,** भटनागर सभा से **श्री महेन्द्र भटनागर,** एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद से **श्री कैलाश विहारी वाजपेयी** एवं बक्षी परिवार से उनके दामाद **डॉ. मुकेश भटनागर** ने श्रद्धांजलि दी और ललित बक्षी सा. के गुणों का बखान किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता यू.एस.ए. मेनचेस्टर में प्रबन्ध शास्त्र के आचार्य **डॉ. तेजसिंह धाकड़** ने की। बक्षी परिवार से **डॉ. कल्पना भटनागर, डॉ. जलज बक्षी, श्री सलिल बक्षी, डॉ. मुकेश भटनागर, श्री प्रकाश भटनागर** एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर बक्षी परिवार ने विज्ञान समिति को **छात्रवृति के लिए 15 हजार का चेक** प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव **डॉ. के.एल. तोतावत** ने किया एवं वक्ताओं का परिचय कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ.एल.एल. धाकड़** ने कराया। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल, भटनागर सभा एवं एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद का सहयोग रहा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दि. 11.06.16 को समिति परिसर में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई। **प्रो. पी.एम. अग्रवाल** ने जैन धर्म के कुछ अनछुए पक्ष पर वार्ता प्रस्तुत की। सदस्यों ने प्रो. अग्रवाल की आगामी अमेरिका यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर **डॉ. आर.एल. जैन** के सौजन्य से जलपान का आयोजन किया गया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 32 वां अंक (जून 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ। पुस्तक दान योजना के अंतर्गत **श्रीमान् डॉ. सोहनराज जी तातेड़**

से 75 पुस्तकें प्राप्त हुई।

**विज्ञान समिति का अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 19 से 21 जून 2016 तक त्रिदिवसीय कार्यक्रम**

**द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस** के उपलक्ष में विज्ञान समिति ने त्रिदिवसीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिय । पतंजलि योग समिति हरिद्वार की सदस्या व वहाँ से नियुक्त योग प्रशिक्षिका व विज्ञान समिति योग प्रभारी **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** को संयोजक बनाया गया। कार्यक्रम निम्न प्रकार आयोजित हुआ।

**दिनांक 19.6.16**

एम.बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद के 65 सदस्यों के समक्ष **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने योग दिवस व योग की उपयोगिता पर पत्र वाचन किया। उदयपुर जिला पतंजलि के अध्यक्ष **श्री महेश जेठा** ने बढ़ती उम्र में शरीर में मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आसन व प्राणायाम कराए। परिषद् के अधिकारियों द्वारा दोनों का सम्मान किया गया।

**दिनांक 20.6.16**

वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की 52 महिलाओं के समक्ष एक योग सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने योग दिवस पर पत्रवाचन किया। डॉ. गुप्ता तथा पतंजलि की योग प्रशिक्षिका **श्रीमती गुड्डी पटेल व श्रीमती दिव्या पटेल** द्वारा 30 मिनट तक आसन व प्राणायाम कराये। सभी महिलाओं ने कार्यक्रम में अच्छी रुचि दिखाई तथा अपने विचार व्यक्त किये। **श्रीमती ऊषा गुप्ता** ने विचार व्यक्त करने के साथ ही हास्य योग भी कराया। विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.एल.कोठारी** उपस्थित रहे व उन्होंने भी अपने योग सम्बन्धि दैनिक कार्यक्रम की जानकारी दी।

**दिनांक 21.6.16**

द्वितीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विज्ञान समिति के सदस्यों व स्टाफ सदस्यों के साथ मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने योग की उपयोगिता व योग दिवस पर पत्रवाचन किया। इसके बाद **डॉ. के.एल. कोठारी** ने योग पर संकलित उपयोगी सामग्री का पठन किया। तत्पश्चात् **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** द्वारा **श्रीमती गुड्डी पटेल व श्रीमती दिव्या पटेल** के सहयोग से एक घण्टे योगासन व प्राणायाम के विभिन्न अंगों का अनुष्ठान कराया व उनकी उपयोगिता व करने की विधि पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की सराहना करते हुए विज्ञान समिति के अध्यक्ष, **डॉ. के.एल. कोठारी** ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

## अन्य बिन्दु

●. **पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम** – जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष **श्री राजकुमार फत्तावत** के 5 जून रविवार को इस वर्ष के चातुर्मास की **साध्वी श्री कीर्तिलता जी** का उदयपुर में प्रथम कार्यक्रम विज्ञान समिति में आयोजित हुआ। उन्हें सहमति दी । इस दिन दाम्पत्य जीवन एवं पर्यावरण सुरक्षा पर प्रवचन हुआ। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने अपने विचार व्यक्त करते हुए यह संकल्प भी लिया कि **विज्ञान समिति परिसर में हम प्लास्टिक गिलासें, चम्मच आदि का प्रयोग नहीं करेंगे तथा अन्य संस्थाएं जो यहां कार्यक्रम आयोजित करती है उन्हें भी प्रेरित किया जाएगा।**

● **परिसर में विज्ञान प्रयोगशाला** – इस सम्बन्ध में कलक्टर महोदय से हुए समझौता डॉक्यूमेंट को रजिस्टर कराया गया तथा डॉक्यूमेंट पुनः जिला परिषद में प्रेषित किए गए। वहां से उन्होंने तकनीकी एस्टीमेट देने के लिए फार्म दिया जो इस प्रोजक्ट के संयोजक **इंजी. मधुसुदन पंड्या** को आवश्यक कारवाई के लिए दिया

● हमारे सदस्य **इंजी. आर.के. खोखावत** ने 72 स्टील गिलासे समिति को भेंट की । सादर आभार।

● **सजीव सेवा समिति** को **महाराणा प्रताप सम्मान समारोह** आयोजित करने के लिए बड़ा सभा कक्ष और लॉन निःशुल्क उपलब्ध कराए। इस वर्ष **डॉ. के.एन नाग** को यह सम्मान दिया गया।

● 6 जुलाई को **डॉ. डी.एस. कोठारी के जन्म दिवस** पर प्रस्तावित आध्यात्मिक संगोष्ठी के लिए आवश्यक तैयारी एवं कार्य किए गए।

●11 जुलाई को **बौद्धिक प्रतिभा सम्मान** आयोजित करने के लिए विद्यालयों को पत्र भेजे गए।

● 25 जून को डॉ. डी.एस. कोठारी स्मृति विज्ञान चेतना हेतु तैयारी बैठक आयोजित हुई। 27 जुलाई को कार्यक्रम रखा गया है।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्री माणिक नाहर** इस वर्ष **रोटरी क्लब उदयपुर** के अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने 3 जुलाई को शपथ ग्रहण की। हमारी हार्दिक शुभकामनाएं।

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **इंजी आर.के. चतुर** चिकित्सा हेतु मुम्बई गए थे और पुनः 30 जून को उदयपुर पहुंच गए।

● हमारी सदस्या और महिला सशक्तिकरण की प्रभारी **श्रीमती मंजुला शर्मा** पतंजलि द्वारा हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय महिला योग शिविर में दिनांक 25 से 30 जून तक सम्मिलित हुई।

● हमारे उपाध्यक्ष **डॉ. पारसमल अग्रवाल** 3 माह के लिए अपने सुपुत्र के साथ रहने सपरिवार अमेरिका पधारे हैं। सुखद प्रवास के लिए शुभकामनाएं।

● हमारे एकेडेमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** ने राजस्थान पत्रिका व पाई द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन पत्रकारिता पाठ्यक्रम में भाग लेकर **'बेस्ट स्टूडेन्ट'** का अवार्ड प्राप्त किया। हार्दिक बधाई।

● हमारे नवाचार महिला प्रकोष्ठ की सदस्या **श्रीमती रेणु सिरोया 'कुमुदनी'** को पूर्वोत्तर हिन्दी साहित्य अकादमी शिलांग (मेघालय) द्वारा सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

● हमारे प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के संयोजक **श्री मुनीष गोयल** की पौत्री **कु. अनन्या गोयल** ने कोलम्बो (श्रीलंका) दक्षिण पूर्व एशिया के अर्थशास्त्र विद्यार्थियों के सम्मेलन में अपना पत्र वाचन किया और प्रथम स्थान अर्जित किया। फलस्वरुप उनको पूर्ण छात्रवृत्ति पर अधिस्नातक डिग्री के अध्ययन के लिए राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सिंगापुर में प्रवेश मिला है। यह देश के लिए गौरव की बात है। कु. अनन्या एवं गोयल परिवार को हार्दिक बधाई।

● हमारे नए सदस्य बहु आयामों के धनी सिंघानिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **प्रो. सोहनराज जी तातेड़** ने रांची में 21 जून 2016 को आयोजित वेदान्त राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता की। **प्रो. तातेड़** राजस्थान युवा शक्ति को विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्बोधित करेंगे। हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **डॉ. महीप भटनागर** को ट्रांसपेरेन्सी इंटरनेशनल फ्रान्स द्वारा सदस्य बनाया गया है। भारत में इसके अध्यक्ष पूर्व आई.ए.एस. श्री आई.सी. सारस्वत ने इसकी जानकारी दी। हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **श्री नितिन एवं श्रीमती ममता कोठारी** के विवाह का रजत जयन्ती समारोह 21 जून को रोटरी बजाज भवन के प्रांगण में भव्य समारोह के रूप में आयोजित हुआ जिसमें नगर के अनेक लोग सम्मिलित हुए। भावी जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

● हमारे सदस्य **श्री शांतिलाल जी भंडारी** की सुपौत्री **सुश्री काव्या भंडारी जेईई** परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 211वां स्थान पा कर **उदयपुर जिले में प्रथम** एवं छात्रा वर्ग में **दिल्ली मंडल में प्रथम** रही। हार्दिक शुभकामनाएं

**सम्भावित पिकनिक**
**31 जुलाई रविवार**

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**जन्म दिन मनाया**



← 2 जून प्रोफेसर एन.एल. गुप्ता

15 जून → इंजी. एम.एस. खमेसरा



### July

| | |
|---|---|
| Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Dr.S.L. Bapna | 08/07 |
| Mrs.Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/07 |
| Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| Dr. K.B.Sharma | 28/07 |

### August

| | |
|---|---|
| Mrs. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh.Munish Goyal | 04/08 |
| Sh.Raj Lodha | 14/08 |
| Sh. N.C. Jain | 22/08 |
| Sh.R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh.Parag Kothari | 28/08 |
| Sh.Rakesh Samar | 31/ 08 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

# विज्ञान समिति के जुलाई माह के कार्यक्रम

**•मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

## • नियमित स्वास्थ्य सेवाएं

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 जुलाई 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 11 जुलाई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | | |
| मानसिक रोगी बच्चों के परिवारों को परामर्श | 16 जुलाई 2016 | प्रातः 10.30 बजे से |
| दीर्घकालीन दर्द निवारण की मनोवैज्ञानिक पद्धति | 16 जुलाई 2016 | सायं 05.30 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 जुलाई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर वार्षिक समारोह | 30 जुलाई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ डॉ.डी.एस.कोठारी जन्म दिवस समारोह | 06 जुलाई 2016 | प्रातः 09.30 बजे से |
| एवं एक दिवसीय संगोष्ठी (चेतना : विज्ञान एवं अध्यात्म) | | |
| ✷ बौद्धिक प्रतिभा सम्मान | 11 जुलाई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ डॉ.डी.एस.कोठारी विज्ञान चेतना अभियान (प्रतियोतिगताएं) | 27 जुलाई 2016 | प्रातः 09.00 बजे से |
| ✷ विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ एमओयू के संबधी बैठक | 22 जुलाई 2016 | सायं 06.30 बजे से |

## अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608